विदर्भ क्षेत्र में अतिवृष्टि

808. श्री विद्याधरराव राजेश्वरराव पाटिल : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ माह पूर्व विदर्भ क्षेत्र में अतिवृष्टि से जान माल की भारी हानि हुई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उसके बाद वहां वर्षा के पूर्णतः अभाव के कारण अकाल की स्थिति पैदा हो गई है ;

(ग) यदि हां, तो दोनों आपदाओं के बाद के प्रभावों से निपटने के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ;

(घ) क्या यह सच है कि सरकार ने इस संबंध में लगभग 5000 गांवों के लिये एक योजना तैयार की है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में राज्य सरकार को कितनी सहायता दिये जाने का प्रस्ताव है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) से (ङ) राज्य सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

गुजरात के कृषि विश्वविद्यालयों को दी गई सहायता

809. श्री राम सिंह राठवा : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कृषि विश्वविद्यालयों की संख्या कितनी है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इनमें से प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा कितनी-कितनी वित्तीय सहायता की मांग की गई तथा सरकार द्वारा कितनी-कितनी धनराशि की सहायता दी गई; और

(ग) मांगी गई धनराशि से कम धनराशि दिये जाने के क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) महोदय, गुजरात में एक कृषि विश्वविद्यालय है।

(ख) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा दिये गये अनुदानों का विवरण निम्नलिखित है:—

वर्ष	स्थापना और विकास अनुदान के रूप में गुजरात कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मांगी गई राशि	रिलीज की गई राशि (लाख रुपयों में)
1988–89	शून्य	शून्य
1989–90	37.00	29.00
1990–91	50.00	50.00

(ग) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने सातवीं योजना में गुजरात कृषि विश्वविद्यालय के लिये स्थापना और विकास अनुदान के रूप में 182.54 लाख रु० की राशि रखी थी। 1989–90 के दौरान जो कि सातवीं योजना का अंतिम वर्ष है, सिर्फ 29.00 लाख रु० की राशि रिलीज की जानी बाकी थी।

Sale of milk products in Delhi

810. SHRI SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Gujarat Cooperative Milk Marketing

Federation Limited has been marketing some of its products in Delhi and outside;

(b) if so, what are the names of the products alongwith names of their producers;

(c) whether the Federation has also been marketing cheese, white and table butter under the brand name of 'Amul';

(d) if so, what are the reasons for difference in the retail sale price of table butter in different packs at Super Bazar and Mother Dairy Fruits and Vegetable vending booths of Delhi when compared to each other;

(e) whether it is a fact that the retail sale price of table butter is Rs. 100 per Kg. in open market;

(f) what are the reasons for the scarcity of table butter since the presentation of General Budget for 1991-92; and

(g) what steps Government propose to take in this regard with a view to improve the position?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI K. C. LENKA): (a) and (b) The Gujarat Cooperative Milk Marketing Federation is marketing the following products manufactured by its member Unions in Gujarat, in Delhi and outside:—

(i) Amul Spray (ii) Amul Butter (iii) Sagar skim milk powder (iv) Amul Shrikhand (v) Amul ghee (vi) Amulya Instant (vii) Nutramul (viii) Amul Cheese (ix) Amul Chocolates (x) Amul Whole milk powder (xi) Amul Cheese spread, etc.

(c) Yes, Sir.

(d) The retail price of Amul butter including dealers' margin and inclusive of all taxes is Rs. 8/- and Rs. 38.50 per pack of 100 gms. and 500 gms. respectively. Minor variations in retail price could be due to voluntary reduction of margin by the dealers.

(e) No, Sir.

(f) and (g) The production of butter and few other daily products had to be curtailed as priority has been given by the public/cooperative sector dairy plants to meet the requirement of liquid milk of cities and towns. However, with the onset of flush season the production and availability of surplus milk fat is likely to improve.

रामतिल का उत्पादन और निर्यात

811. **श्री राधाकिशन मालवीय :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रामतिल मध्य प्रदेश में आदिवासी किसानों की प्रमुख तिलहन फसल है ;

(ख) यदि हां, तो वह तिलहन फसल कुल कितने क्षेत्र में उगाई जाती है तथा उसका कुल उत्पादन कितना है तथा उस क्षेत्र में से आदिवासी क्षेत्र कितना है ;

(ग) क्या सरकार ने तिलहन के समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी है ; यदि नहीं तो उसके क्या कारण है ;

(घ) क्या रामतिल की विदेशों में मांग है, यदि हां, तो इसके निर्यात के लिये सरकार ने क्या प्रबंध किये है ; और

(ङ) क्या रामतिल के निर्यात की संभावनाओं को देखते हुये सरकार इस फसल पर अनुसंधान कार्य करा रही है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) रामतिल मध्य प्रदेश में आदिवासी किसानों द्वारा उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण फसल है ।

(ख) वर्ष 1990-91 में मध्य प्रदेश में रामतिल के तहत कुल क्षेत्र 2.25 लाख हैक्टेयर होने का अनुमान